मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-271
**29/08/2024**

# मुख्यमंत्री ने राजगीर में राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय का किया उद्घाटन, खिलाड़ियों को किया सम्मानित, विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 29 अगस्त 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिला के राजगीर खेल परिसर पहुंचकर राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने खेल के क्षेत्र में राज्य के 9 अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को सम्मानित किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ओलंम्पिक गेम्स, एशियन गेम्स, सीनियर एशियन चैम्पियनशिप में पदक विजेता/सहभागी खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को सम्मान प्रदान किया गया। इसके तहत अर्जुन पुरस्कार विजेता सुश्री श्रेयसी सिंह, जो पेरिस ओलंम्पिक निशानेबाजी 2024 में भाग लीं और एशियन गेम्स 2022 में स्वर्ण पदक जीती थीं। साथ ही एशियन गेम्स, 2022 तलवारबाजी में भाग लेने वाले श्री आकाश कुमार, एशियन गेम्स– 2022 सेलिंग में भाग लेनेवाले श्री सुधांशु शेखर, एशियन गेम्स, 2022 रग्बी में भाग लेनेवाली सुश्री स्वेता शाही, एशियन गेम्स– 2022 पारा स्वीमिंग में भाग लेनेवाले मो0 शम्स आलम शेख, सीनियर एशियन चैम्पियनशिप– 2024 लॉन बॉल्स में स्वर्ण पदक विजेता श्री चंदन कुमार सिंह और सीनियर एशियन चैम्पियनशिप– 2024 पारा साइक्लिंग में भाग लेनेवाले मो0 जलालुद्दीन अंसारी को सम्मान प्रदान किया गया। प्रशिक्षक वर्ग में एशियन गेम्स– 2023 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कुश्ती खेल विद्या के प्रशिक्षक श्री शशिभूषण प्रसाद को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हॉकी के जादूगर पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा तथा भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

पेरिस ओलंपिक में भाग लेनेवाली सुश्री श्रेयसी सिंह ने मुख्यमंत्री को जर्सी भेंटकर स्वागत किया। हॉकी टीम द्वारा भी मुख्यमंत्री को जर्सी देकर सम्मानित किया गया। 19वें एशियन गेम्स में भाग लेनेवाली भारतीय हॉकी टीम की महिला खिलाड़ियों एवं छपरा के रहनेवाले महिला हॉकी टीम के प्रशिक्षक श्री हरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री के समक्ष भवन निर्माण विभाग द्वारा राजगीर खेल परिसर के निर्माण से संबंधित एवं खेल विभाग द्वारा बिहार में खेल के विकास के लिए किए गए कार्यों पर आधारित लघु फिल्म प्रस्तुत की गई।

मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल परिसर स्थित मुख्य प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल परिसर में नवनिर्मित स्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में आयोजित मैच का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने तरणताल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भी निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने इसके पूर्व निर्माणाधीन जरासंध स्मारक का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने वहां निर्माणाधीन संग्रहालय का भी जायजा लिया। जायजा लेने के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर जो भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी उसके विषय में ऊपर में हिंदी और नीचे अंग्रेजी में जानकारी दें ताकि लोगों को अच्छी तरह से प्रदर्श के बारे में अवगत हो सकें। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक स्थल है जिसके विकसित होने से अधिक संख्या में लोग इसे देखने आएंगे। मुख्यमंत्री ने वहां निर्माण कराए जा रहे पार्क और तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेलिंग का निर्माण कराएं ताकि लोग सुरक्षित रहें।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने रोप—वे (झूला) के पास निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड भवन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री सह नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, खेल मंत्री श्री सुरेंद्र मेहता, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन एवं खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक श्री रवींद्रण शंकरण, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बड़बरे, पटना प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक, पटना जिला के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, पटना जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, खेल विभाग के निदेशक श्री महेंद्र कुमार, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, नालंदा जिला के पुलिस अधीक्षक श्री अशोक मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं खिलाड़ीगण उपस्थित थे।

*****